दिन–रविवार दिनांक– 24 / 03 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव को लेकर जदयू के प्रत्याशियों की घोषणा आज संभव।

02. राष्ट्रीय जनता दल की ओर प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह दिये जाने से महागठबंधन में टकराव बढ़ा। कई सीटों पर दोस्ताना संघर्ष के आसार।

03. जदयू विधायक और पूर्व मंत्री बीमा भारती राजद में शामिल। पूर्णिया से प्रत्याशी बनाये जाने की संभावना।

04. और, चुनाव आयोग ने कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता अभियान तेज करने के निर्देश दिये।

———————————————————————

एनडीए के प्रमुख घटक दल जदयू ने अपने खाते में आई सभी सोलह सीटों पर प्रत्याशियों के नाम तय कर दिये हैं, जिनकी आज घोषणा किये जाने की सम्भावना है। पार्टी ने सीवान, सीतामढ़ी और किशनगंज लोकसभा क्षेत्रों से नये चेहरों पर भरोसा जताने का इरादा स्पष्ट कर दिया है। सीवान से विजय लक्ष्मी कुशवाहा को टिकट मिलने की प्रबल संभावना से मौजूदा सांसद कविता सिंह का टिकट कटना तय है। वहीं, सीतामढ़ी से सुनील कुमार पिन्टू की जगह विधान परिषद के सभापति देवेश चन्द्र ठाकुर को पार्टी ने अपना उम्मीदवार बनाने का मन बनाया है। किशनगंज से मुजाहिद आलम पार्टी प्रत्याशी होंगे। इसके अलावा जहानाबाद से चन्द्रेश्वर चंद्रवंशी, नालंदा से कौशलेन्द्र कुमार, मुंगेर से राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह, भागलपुर से अजय कुमार मंडल और बांका से गिरधारी यादव को उम्मीदवार बनाये जाने के स्पष्ट संकेत हैं। गोपालगंज से डॉक्टर आलोक कुमार सुमन, झंझारपुर से रामप्रीत मंडल, कटिहार से दुलाल चन्द्र गोस्वामी, मधेपुरा से दिनेश चन्द्र यादव, पूर्णियां से संतोष कुशवाहा, सुपौल से दिलेश्वर कामत और वाल्मीकिनगर से सुनील कुशवाहा जदयू प्रत्याशी होंगे। इन सभी लोगों ने आज जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। इधर, काराकाट सीट उपेन्द्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा को मिलने से मौजूदा सांसद महाबली सिंह का टिकट भी कट गया है।

———————————————————————

राष्ट्रीय जनता दल की ओर से प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह दिये जाने से महागठबंधन में टकराव बढ़ गया है। कई सीटों पर दोस्ताना संघर्ष के आसार दिख रहे हैं। महागठबंधन के दलों के बीच सीटों का बंटवारा तय नहीं हुआ है। इसके बावजूद

राजद ने अपने कई उम्मीदवारों को सिंबल दे दिये हैं। पहले चरण की चार सीटों औरंगाबाद, नवादा, गया और जमुई के लिए उम्मीदवारों की घोषणा के साथ ही पांच अन्य उम्मीदवारों को भी पार्टी ने सिंबल दे दिये। वहीं, राजद ने अबतक बारह उम्मीदवारों को सिंबल प्रदान कर दिया है। इधर, महागठबंधन में शामिल वाम दलों, सीपीआई और सीपीएम ने भी दो सीटों पर अपने उम्मीदवार तय कर दिये हैं।

———————————————————————

जदयू की विधायक सह पूर्व मंत्री बीमा भारती ने राजद की सदस्यता ग्रहण कर ली है। श्रीमती भारती पूर्णियां जिले के रूपौली विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। ऐसी सम्भावना व्यक्त की जा रही है कि बीमा भारती पूर्णियां संसदीय क्षेत्र से महागठबंधन की प्रत्याशी बनायी जा सकती है। इधर, विधायक के महागठबंधन में शामिल होने के बाद टकराव की स्थिति बन गयी है। पिछले दिनों कांग्रेस पार्टी में शामिल हुये पप्पू यादव ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये कहा है कि वे किसी भी परिस्थिति में पूर्णियां लोकसभा सीट नहीं छोड़ेंगे। इधर, उपेन्द्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रमेश कुशवाहा अपनी पत्नी विजयलक्ष्मी कुशवाहा और अन्य समर्थकों के साथ जदयू में शामिल हो गये हैं। पटना में जदयू के वरिष्ठ नेता और मंत्री विजय चौधरी ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई।

———————————————————————

भाजपा के भी कई मौजूदा सांसदों का टिकट कटने या संसदीय क्षेत्र बदलने के स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं। शिवहर की सीट जदयू के खाते में गयी है, जहां से जदयू ने लवली आनंद को टिकट देने का निर्णय कर लिया है। जिसके कारण शिवहर से बीजेपी की मौजूदा सांसद रमा देवी का टिकट कटना तय है। वहीं, गया सीट से हम प्रमुख जीतनराम मांझी के चुनाव लड़ने की घोषणा के बाद मौजूदा जयदू सांसद विजय मांझी का टिकट कट गया है।

———————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कांग्रेस ने अपने उत्तर प्रदेश के प्रमुख अजय राय को वाराणसी लोकसभा सीट से मैदान में उतारा है। वहीं, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह मध्य प्रदेश की राजगढ़ लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे।

———————————————————————

लोकसभा चुनाव में अठारह से उन्नीस वर्ष की आयु के लगभग एक करोड़ अस्सी लाख युवा पहली बार मतदान करेंगे। चुनाव आयोग पहली बार मत देने वाले

युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए 'आई वोट फॉर श्योर' जैसे कई सोशल मीडिया अभियान चला रहा है। एक रिपोर्ट..

---बाईट---

---

प्रदेश के सभी जिलों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने का निर्देश मतदाता शिक्षा और निर्वाचन सहभागिता के नोडल अधिकारियों को दिया गया है। राज्य के अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी आनंद शर्मा ने बताया है कि राष्ट्रीय मतदान औसत से अधिक मतदान राज्य में कराने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग मतदाताओं को पूरी सुविधा देने का भी निर्देश दिया गया है।

---

पश्चिम चम्पारण जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने बाल विकास परियोजना की सेविका और सहायिकाओं को मतदाता शपथ दिलाई तथा उन्हें ग्रामिणें को मतदान करने के लिए जागरूक करने का निर्देश दिया।

---

राज्य में पिछले चौबीस घंटों के दौरान विभिन्न जिलों में पुलिस ने एक करोड़ रूपये की शराब और बीस लाख रूपये नकद बरामद किये हैं। इसके साथ ही आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में विभिन्न जिलों में प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। औरंगाबाद जिले में बिना अनुमति बैठक करने, मधेपुरा में लाउडस्पीकर बजाने, मुजफ्फरपुर और पटना में बिना अनुमति बैठक करने को लेकर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

---

बेगूसराय जिले में लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान करने के लिए मुंह ढक कर आने वाली महिलाओं पर विशेष नजर रखी जायेगी। जिला प्रशासन ने कहा है कि इसके लिए आगंनबाड़ी केन्द्र की सेविकाओं को तैनात किया जा रहा है। इसके साथ ही पच्चासी वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं के लिए उनके घर पर ही मतदान की व्यवस्था की जा रही है।

---

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को गर्मी के महीनों के दौरान अस्पतालों में आग लगने की घटनाओं से बचाव के लिए तत्काल उपाय करने का निर्देश दिया है। केन्द्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा ने कहा है कि गर्मी

के महीनों में तापमान बढ़ने के कारण अस्पताल में आग, एक बड़ा खतरा बन जाता है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से अनुरोध किया है कि राज्य स्वास्थ्य विभाग और राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों को एक साथ मिलकर काम करने का निर्देश दें जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनके अधिकार क्षेत्र के सभी मान्यता प्राप्त अस्पतालों में आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई की गई है। सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को कहा गया है कि अस्पतालों को अग्निशामक यंत्र, हाइड्रेंट और अलार्म जैसे अग्निशमन उपकरणों का नियमित रूप से निरीक्षण करना चाहिए। इसमें अग्निशामकों की समाप्ति तिथियों की जांच करने के साथ–साथ यह सुनिश्चित करना शामिल है कि हाइड्रेंट तक आसानी से पहुंचा जा सकता है या नहीं और उनमें पानी का दबाव भी पर्याप्त हो। साथ ही अग्नि अलार्म भी पूरी तरह दुरुस्त होना चाहिए।

——————————————————————

आज होलिका दहन है। होलिका दहन फाल्गुन माह के पूर्णिमा तिथि की रात के समय में किया जाता है। इस वर्ष भद्रा नक्षत्र का साया रहने के कारण होलिका दहन के एक दिन बाद होली मनायी जायेगी। होली को लेकर प्रशासन विशेष चौकसी बरत रहा है और संवेदनशील स्थानों पर निगरानी बढ़ा दी गयी है। होली को लेकर अस्पतालों और अग्निशमन विभाग को भी अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया है। इधर, होली के मौके पर शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। पुलिस मुख्यालया ने उग्रवाद प्रभावित जिलों में कड़ी निगरानी बरतने का निर्देश दिया है। वहीं, पटना जिले में विभिन्न स्थानों पर इकतालीस दंडाधिकारियों की तैनाती की गयी है।

——————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों के मौसम में बदलाव हो रहा है। पिछले दो दिनों से जारी बारिश का सिलसिला रूक गया है और अधिकतर स्थानों पर मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक एस. के. पटेल ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज और अररिया समेत राज्य के उत्तर–पूर्व क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा हो सकती है, जबकि अन्य भागों में मौसम शुष्क रहेगा।

———बाईट———

——————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने इस वर्ष कम्पार्टमेंटल और विशेष परीक्षा का आयोजन अलग–अलग करने का निर्णय लिया है। बोर्ड के अध्यक्ष आनंद किशोर ने

बताया कि पहले कम्पार्टमेंटल और विशेष परीक्षा एक साथ ली जाती थी। उन्होंने कहा कि विशेष परीक्षा में वैसे छात्र–छात्राओं को शामिल होने का मौका मिलेगा, जिन्होंने अपना निबंधन तो कराया लेकिन किसी कारणवश परीक्षा नहीं दे सके और परीक्षा केन्द्र पर विलम्ब से पहुंचने के कारण परीक्षा में शामिल नहीं हो सके। श्री किशोर ने कहा कि इस वर्ष इंटर के तीनों संकाय में पांच लाख से अधिक छात्र–छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि अट्‌ठाईस मार्च से चार अप्रैल तक परीक्षार्थी स्क्रूटनी के लिए ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। अध्यक्ष ने कहा कि नियोजित शिक्षकों की ली गयी समक्षमता परीक्षा का परिणाम अप्रैल के प्रथम सप्ताह में जारी किये जाने की सम्भावना है।

———————————————————————

मुंगेर जिले के एक अदालत ने महिला की हत्या करने के मामले में दोषी साजन कुमार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वहीं, पटना जिले के पॉक्सो अदालत ने दुष्कर्म के दोषी गोली कुमार वर्मा को सात साल की कारावास और तीस हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

———————————————————————

पटना जंक्शन पर मद्य निषेध विभाग ने रेलवे के सात अभियंताओं समेत दस लोगों को शराब पीते हुये गिरफ्तार किया है। सहायक आबकारी आयुक्त प्रेम प्रकाश ने बताया कि गिरफ्तार लोगों में चार सीनियर सेक्शन इंजीनियर, तीन जूनियर इंजीनियर और तीन सहायक कर्मी शामिल है। वहीं, जिले के मनेर थाना क्षेत्र की पुलिस ने गंगा नदी में एक नाव से तेरह सौ अस्सी लीटर शराब जब्त की है।

———————————————————————

भोजपुर जिले के डुमारांव थाना क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गयी। वहीं, मुजफ्फरपुर जिले के गायघाट थाना क्षेत्र के ककरिया गांव में जहरीली पेय पदार्थ के कारण दो लोगों की आंखों की रौशनी चली गयी है जबकि एक व्यक्ति की मौत हो गयी है। इधर, पटना जिले के बिहटा थाना क्षेत्र में दो चारपहिया वाहनों की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गयी, जबकि सात लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने ईडी, आईटी और सीबीआई के विभिन्न राजनेताओं के घरों पर छापेमारी की कार्रवाई पर लिखता है– दिल्ली से बंगाल तक ईडी, इनकम टैक्स और सीबीआई के छापे। दिल्ली में आप विधायक गुलाब सिंह यादव, पश्चिम बंगाल में महुआ मोइत्रा और चन्द्रनाथ सिन्हा के यहां हुई छापेमारी।

प्रभात खबर लिखता है– सीट बंटवारे में राजद के फैसले से कांग्रेस में खलबली, अलग लड़ने पर हो रहा मंथन।

दैनिक भास्कर ने लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों की खर्च करने की सीमा पर खबर दी है– हर प्रत्याशी औसतन छह करोड़ रूपये खर्च करेगा। सीमा पंचानवे लाख रूपये।

दैनिक जागरण ने इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम पर लिखा है– इंटरमीडिएट में छात्राओं को पलड़ा भारी, छह वर्षों में सबसे अच्छ रिजल्ट, तीनों संकायों के चौबीस टॉपरों में तेरह छात्राएं।

राष्ट्रीय सहारा लिखता है– तीसरे से छठी कक्षा तक होगा नया पाठ्यक्रम।

आज अखबार की सुर्खी है– एनपीएस कर्मियों को एक से कराना होगा आधार वेरिफिकेशन।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार......एक बार फिर

01. लोकसभा चुनाव को लेकर जदयू के प्रत्याशियों की घोषणा आज संभव।

02. राष्ट्रीय जनता दल की ओर प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह दिये जाने से महागठबंधन में टकराव बढ़ा। कई सीटों पर दोस्ताना संघर्ष के आसार।

03. जदयू विधायक और पूर्व मंत्री बीमा भारती राजद में शामिल। पूर्णिया से प्रत्याशी बनाये जाने की संभावना।

04. और, चुनाव आयोग ने कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता अभियान तेज करने के निर्देश दिये।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।